RNI No/Title Code : UPHIN49594

हिन्दी दैनिक

# नवयुग समाचार

बहराइच से प्रकाशित

एक सामाजिक दर्पण

वर्ष :4, अंक 217
बहराइच, सोमवार
1 दिसम्बर,2025
पृष्ठ–04,
मूल्य रू० 2 .00

लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, कानपुर, कन्नौज, फरुर्खाबाद, गोरखपुर, अम्बेडकरनगर, अयोध्या, म.प्र., बिहार में प्रसारित

## तमिलनाडु : दो बसों की टक्कर में 12 सवारियों की मौत



शिवगंगा। तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में रविवार को ऐसा हादसा हुआ, जिसने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया। कुंगमगुड़ी के पास दो बसें आमने–सामने टकरा गईं और टक्कर इतनी भीषण थी कि सड़क पर चीख–पुकार मच गई। इस हादसे में मौके पर ही 12 लोगों की मौत हो गई और 40 से ज्यादा लोग घायल हुए। कई यात्री बस में फंस गए थे, जिन्हें बाहर निकालने में पुलिस और स्थानीय लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। घटना रविवार शाम तब हुई, जब दोनों बसें एक संकरी सड़क पर विपरीत दिशाओं से आ रही थीं।

अचानक दोनों बसों की आमने–सामने से टक्कर हो गई, जिससे दोनों बसें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। आसपास के लोग तेज आवाज सुनकर दौड़कर मौके पर पहुंचे और खिड़कियां एवं दरवाजे तोड़कर घायलों को बाहर निकालना शुरू किया। कुछ यात्री बेहोश पड़े थे, कुछ दर्द से चिल्ला रहे थे, और पूरा माहौल बेहद दर्दनाक था। पुलिस के मुताबिक, यह साफ नहीं है कि हादसा ओवरस्पीडिंग, कम दृश्यता या ड्राइवर की थकान की वजह से हुआ, लेकिन शुरूआती संकेत इन्हीं कारणों की ओर इशारा करते हैं। घायलों को तुरंत शिवगंगा और कराईकुडी के अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां कई यात्रियों की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। कई लोगों को फ्रैक्चर, सिर में चोट और गंभीर चोटें आई हैं। इस हादसे ने एक बार फिर तमिलनाडु में बढ़ते रोड एक्सीडेंट्स की गंभीर समस्या को सामने ला दिया है। पिछले कुछ महीनों में त्रिची, सलेम और विल्लुपुरम जैसे जिलों में सड़क हादसों के मामले लगातार बढ़े हैं। अभी कुछ दिन पहले ही तेनकासी में दो प्राइवेट बसों की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई थी। यही वजह है कि लोग अब सवाल उठा रहे हैं कि आखिर सड़कों पर इतनी मौतें कब रुकेंगी? आंकड़ों की मानें तो तमिलनाडु में 2023 में 67,000 से ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जो भारत के किसी भी राज्य के लिए सबसे ज्यादा है और देश की कुल दुर्घटनाओं का लगभग 14 प्रतिशत हिस्सा है। सड़क सुरक्षा को लेकर राज्य में समय–समय पर अभियान चलाए जाते हैं। 2025 में भले ही हादसों की संख्या में कमी आई है, फिर भी हादसों का सिलसिला रुकता नहीं दिख रहा है। पिछले महीने सबरीमाला जा रही एक बस भी इसी तरह रेलिंग से टकरा गई थी, जिसमें कई यात्री घायल हुए थे। शिवगंगा के इस ताजा हादसे के बाद फिर से मांग उठ रही है कि सरकारी बसों की निगरानी बढ़ाई जाए, ड्राइवरों के स्वास्थ्य की नियमित जांच हो, और खराब सड़कों की मरम्मत तुरंत की जाए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भारत ने साउथ अफ्रीका को 17 रन से हराया, सीरीज में 1–0 की बढ़त




रांची। पहले वनडे में भारत ने साउथ अफ्रीका को 17 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली। रविवार को खेले गए मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए बड़ा स्कोर खड़ा किया। भारत की ओर से विराट कोहली ने शतकीय पारी खेली, जबकि कप्तान केएल राहुल ने 60 और रोहित शर्मा ने 57 रन बनाए। टीम इंडिया ने निर्धारित 50 ओवर में 349 रन का विशाल लक्ष्य दिया। विराट का वनडे क्रिकेट में यह 52वां शतक था। उन्होंने इस रिकॉर्ड में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है। जवाब में साउथ अफ्रीका की शुरूआत खराब रही। टीम ने सिर्फ 11 रन पर 3 विकेट खो दिए। हालांकि मैथ्यू ब्रीट्ज़की और मार्को यानसन ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन दोनों एक ही ओवर में आउट होकर पवेलियन लौटे। अंत में कॉर्बिन बॉश की तेज फिफ्टी ने मैच को रोमांचक बनाया, लेकिन टीम 332 रन ही बना सकी। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने 4 विकेट, हर्षित राणा ने 3 विकेट, और अर्शदीप सिंह ने 2 विकेट झटके। साउथ अफ्रीका से मार्को यानसन, नांद्रे बर्गर, कॉर्बिन बॉश और ओटनिल बार्टमैन ने 2–2 विकेट लिए। भारत की इस जीत के साथ सीरीज में 1–0 की बढ़त हो गई है। अगला मुकाबला अब टीम इंडिया के लिए सीरीज जीतने का अवसर होगा।

## मौसम ने ली करवट न्यूनतम तापमान बढ़कर 10 डिग्री पहुंचा

कानपुर। कानपुर में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। अधिकतम तापमान के साथ–साथ न्यूनतम तापमान में भी दो डिग्री सेल्सियस से ज्यादा की वृद्धि देखी गई है। रविवार को शहर का न्यूनतम तापमान बढ़कर 10.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो शनिवार (7.7 डिग्री) की तुलना में 2.3 डिग्री की उल्लेखनीय वृद्धि है।?हालांकि, यह न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.5 डिग्री कम रहा, जो रात और सुबह के समय हल्की ठंडक बनाए हुए है।?वहीं, दिन का अधिकतम तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.4 डिग्री अधिक था। इस कारण दोपहर के समय धूप खिली रहने से लोगों को हल्की गर्मी का एहसास हुआ। सीएसए के मौसम विशेषज्ञ डॉक्टर नौशाद खान ने बताया कि उत्तर–पश्चिम दिशा से हवा चलने के कारण शाम होते ही ठंडी हवाओं ने सर्दी का अहसास फिर से गहरा कर दिया। हवा की औसत गति



3.3 किमी/घंटा रही। हालांकि विशेषज्ञों को कहना है कि दिसंबर के पहले सप्ताह के बाद ठंडक बढ़ेगी। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार, भारत मौसम विज्ञान विभाग और विश्वविद्यालय के कृषि मौसम केंद्र से प्राप्त जानकारी के आधार पर, अगले पाँच दिनों तक मौसम शुष्क और साफ रहने का अनुमान है। वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

उत्तर–पश्चिमी हवाएं चलती रहेंगी, जिसके चलते सुबह और रात के समय हल्की से मध्यम स्तर की ठंड बनी रहेगी। दिन का तापमान लगभग इसी स्तर पर बना रह सकता है, जिससे दिन के समय सुहाना मौसम रहेगा। डॉ. खान ने आमजन को सलाह दी है कि रात और सुबह के समय हल्के गर्म कपड़े पहनकर रहें ताकि ठंड से बचा जा सके। सुबह के समय हल्की कोहरा की संभावना को देखते हुए यात्रा के दौरान सतर्कता बरतने की भी सलाह दी गई है। कुल मिलाकर, अगले कुछ दिनों तक कानपुर में सर्दियों का मौसम सुहावना और सामान्य बना रहने की उम्मीद है।

## महिला जिलाध्यक्ष दीपा तिवारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

हमीरपुर। संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष दीपा तिवारी के नेतृत्व में रविवार को नगर पालिका क्षेत्र के सूरजपुर मुहल्ले में महिलाओं की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सुरभि को वार्ड अध्यक्ष मनोनीत करते हुए उन्हें संगठन की जिम्मेदारी दी गई। इस मौके पर तमाम महिलाएं मौजूद रहीं।




बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन की जिलाध्यक्ष दीपा तिवारी ने कहा कि हमें आगे आकर अपनी ताकत को दिखाना होगा। सरकार भी महिलाओं के लिए नारी सशक्तिकरण से जुड़े अभियान चला रही है। विभिन्न योजनाएं चलाकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही हैं।

उन्होंने कहा कि ब्राह्मण एकता संगठन लगातार मजबूत होता जा रहा है। हमें जो जिम्मेदारी दी गई है उन्हें बखूबी निभाएं। इस बैठक में निकिता द्विवेदी को वार्ड उपाध्यक्ष, पूजा द्विवेदी को वार्ड सचिव मनोनीत किा गया। संचालन जिला महामंत्री राखी पांडेय व जिला उपाध्यक्ष वंदना तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। आभार नगर अध्यक्ष रूबी तिवारी ने व्यक्त किया। इस मौके पर लक्ष्मी, प्रिया, दीपा, सावित्री, माही, गीता, कुसमा को सदस्य बनाया गया। बैठक में तमाम महिलाएं मौजूद रहीं।

## कानपुर की आईएएस कृतिका मिश्रा की सगाई आईएएस अंकुर त्रिपाठी के साथ लखनऊ के पांच सितारा होटल में संपन्न हुई



डॉ.संजय त्रिपाठी

नवयुग समाचार लखनऊ: कानपुर की कृतिका मिश्रा आईएएस की सगाई आईएएस अंकुर त्रिपाठी के साथ लखनऊ के पांच सितारा होटल में संपन्न हुई। कृतिका 2023 बैच की आईएएस ऑफिसर है। अंकुर त्रिपाठी 2023 बैच के आईपीएस और 2025 बैच के आईएएस ऑफिसर है।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, एमएलसी संतोष सिंह, एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला, एमएलसी महेंद्र सिंह, सांसद रमेश अवस्थी सांसद, देवेंद्र सिंह भोले आदि ने नवयुगल आईएएस ऑफिसर को आशीर्वाद और बधाइयां दी। उक्त के संबंध में भारतीय जनता पार्टी शिक्षक संस्थान प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. दिवाकर मिश्रा ने जानकारी साझा की।

## बुजुर्ग के टक्कर मार कर बाइक सवार फरार, रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद हरदोई। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप पर एक बुजुर्ग बाइक सवार के टक्कर मारकर दूसरी बाइक पर सवार तीन युवक फरार हो गए। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। हरिओम पुत्र सुरेश निवासी अब्दुल बारी थाना हरियावां के अनुसार सिंधिया पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाने के लिए वह जैसे ही मुड़े वैसे ही एक बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। दूसरी बाइक पर तीन युवक सवार थे। पीड़ित के अनुसार उसके पिता का पैर टूट गया। बाइक सवार फरार हो गए। घायल बुजुर्ग को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की रिपोर्ट जुनील पुत्र नजीर सरोरा थाना पिहानी एवं दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जक राई गई।

## मंगल भवन का डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने किया निरीक्षण

### पूरे उत्तर प्रदेश में मंगल भवन बनाने की बात सीएम योगी से मिलकर बनेगी विस्तृत योजना

कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने रविवार को कानपुर के दौरे पर बेनाझाबर क्षेत्र में स्थापित एक महत्वपूर्ण सामुदायिक कल्याण परियोजना ह्यकेआईजेसी मंगल भवनह्व का निरीक्षण किया यह भवन जेसीआई कानपुर इंडस्ट्रियल और कानपुर नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में वंचित एवं गरीब तबके के लोगों के सामाजिक और आर्थिक कल्याण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाया गया है भवन का विस्तृत मुआयना करने के बाद, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने इस पहल की दिल खोलकर प्रशंसा की उन्होंने कहा, ह्लबेनाझाबर का यह केआईजेसी मंगल भवन एक अनुकरणीय उदाहरण है जिस तरह से यह भवन गरीबों



और वंचितों को सामाजिक कार्यक्रमों और सामुदायिक गतिविधियों के लिए एक सस्ता और सुलभ मंच प्रदान करेगा, उससे इनका कल्याण निश्चित है ह्व डिप्टी सीएम ने इस पूरे प्रोजेक्ट की कल्पना और उसे धरातल पर उतारने के लिए जेसीआई कानपुर इंडस्ट्रियल के पदाधिकारियों की टीम को विशेष रूप से सराहा और उनके सामाजिक दायित्व की भावना की सराहना की निरीक्षण के दौरान, बृजेश पाठक ने इस तरह के सामुदायिक कल्याण केंद्रों की आवश्यकता पर जोर देते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा की उन्होंने कहा, ह्लयह मॉडल सफल और जन कल्याणकारी है कि इसे केवल कानपुर तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए मैं शीघ्र ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस संबंध में बात करूँगा और यह सुनिश्चित करने का प्रयास करूँगा कि इस तरह के ह्यमंगल भवनह्व प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों और जिलों में स्थापित किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक गरीब परिवार इससे लाभान्वित हो सकें ह्व उन्होंने इसे सामाजिक भागीदारी और सरकारी सहयोग का सर्वोत्तम उदाहरण बताया उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के आगमन पर, जेसीआई कानपुर इंडस्ट्रियल क्लब के सदस्यों ने उनका भव्य स्वागत किया क्लब के अध्यक्ष प्रणीत अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर डिप्टी सीएम का अभिनंदन किया और उन्हें भवन निर्माण के पीछे की प्रेरणा और उद्देश्यों की जानकारी दी इस मौके पर प्रमुख रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, अमित पांडे बंटी, आकाश गोयनका आदि।

# तरबगंज पुलिस व एसओजी ने ब्लाइंड मर्डर का किया खुलासा, भाई और मां गिरफ्तार

## निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बलेनो कार बरामद, एसपी ने गिरफ्तारी करने वाली टीम को 25,000 रुपए का नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

नवयुग समाचार

गोंडा। तरबगंज थाना क्षेत्र में 17 नवंबर को मिली अज्ञात महिला की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। थाना तरबगंज पुलिस और एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम ने महज कुछ ही दिनों में इस ब्लाइंड मर्डर का सफल अनावरण करते हुए मृतका के भाई मनीष और मां निर्मला देवी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बलेनो कार (वढ 51 इफ8287) भी बरामद कर ली गई है। गिरफ्तारी की यह कार्रवाई जनपद बस्ती के वाल्टरगंज कस्बा थाना मोड़ के पास की गई। मामले का खुलासा एसपी गोंडा विनीत जायसवाल के निर्देशन, एएसपी पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी तरबगंज उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 नवंबर 2025 को ग्राम प्रधान बनगांव मंजीत सिंह ने सूचना दी थी कि पीडी बंधा सड़क किनारे एक अज्ञात महिला का शव पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने



फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वाड की मदद से साक्ष्य एकत्र किए। पोस्टमार्टम में मृतका के शरीर पर कई चोटों के निशान मिले और मौत का कारण हेमोरेजिक शॉक व एंटीमॉर्टम इंजरी पाया गया। शव की शिनाख्त न हो पाने पर इसे ब्लाइंड मर्डर मानकर पुलिस ने 5 टीमें गठित कीं। सीसीट-िवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर पुलिस ने पूरे मामले की कड़ियां जोड़नी शुरू कीं और आखिरकार मृतका के परिवार तक पहुंचते ही हत्या का राज खुल गया।

पूछताछ में उगला हत्यारोपी भाई ने सचगिरफ्तार आरोपी मनीष ने पूछताछ में बताया वह 2 भाई और 2 बहनें हैं। घटना वाली रात 10 बजे वह गोरखपुर से लौट रहा था। घर पहुंचा तो छोटी बहन को किसी अज्ञात युवक से मोबाइल पर बात करते देखा। गुस्से में मोबाइल छीनकर तोड़ दिया और मारपीट की। मां निर्मला देवी ने रस्सी लाकर दी, जिससे हाथझ्रपैर बांधकर बहन को बोरे में भरकर कार की डिग्गी में डाल दिया। रास्ते में सूनसान जगह पर रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी। बाद में तरबगंज क्षेत्र में पीडी बंधा मार्ग पर फेंककर कार चढ़ा दी, ताकि दुर्घटना जैसा लगे। इसके बाद आरोपी बस्ती वापस लौट गए।

पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0-373/25

धारा 103(1), 238 बीएनएस थाना तरबगंज, जनपद गोंडा के अन्तर्गत गिरफ्तार अभियुक्तों में मनीष पुत्र स्व. चन्द्रप्रकाश (मृतका का भाई), निर्मला देवी पत्नी स्व. चन्द्रप्रकाश (मृतका की मां) निवासी परसा जागीर गनेशपुर, थाना वाल्टरगंज, जनपद बस्ती का नाम शामिल है। घटना में प्रयुक्त एक बलेनो कार वढ 51 इफ 8287 बरामद की गई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कमलाकांत त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक तरबगंज, गौरव सिंह तोमर, प्रभारी एसओजी सर्विलांस, अतिरिक्त निरीक्षक राजकुमार यादव, उप निरीक्षक उपेन्द्र यादव, हेड कांस्टेबलगण रणधीर सिंह (एसओजी), अरुण यादव (एसओजी), राकेश सिंह (एसओजी), राशिद अली (एसओजी), अमित पा-ठक (सर्विलांस), इमरान अली, कांस्टेबल अंकित राय, प्रमोद वर्मा, महिला कांस्टेबल शशिबाला मौजूद रहे।

**पुलिस टीम को मिला सम्मान**

घटना का उत्कृष्ट एवं त्वरित अनावरण करने पर

एसपी गोंडा विनीत जायसवाल ने गिरफ्तारकर्ता टीम को 25,000 रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया है।

# श्रवण क्षेत्र महोत्सव के साथ 04 दिवसीय विराट किसान मेला का आयोजन



कैलाश नाथ तिवारी

ब्यूरोचीफ/नवयुग समाचार

अम्बेडकरनगर। जनपद अंबेडकरनगर में पवित्र श्रवणक्षेत्र धाम में एम एल सी डॉ. हरिओम पाण्डेय के अनुरोध प्रस्ताव पर श्रवणक्षेत्रमहोत्सव के साथ 04 दिवसीय विराट किसान मेला के आयोजन की स्वीकृति मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व व सानिध्य में कृषिमंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रदान की। जो कि सभी कृषकों व क्षेत्रवासियों के लिए प्रसन्नता का विषय है।श्रवणक्षेत्र धाम में इस चार दिवसीय विराट किसान मेले का आयोजन दिनांक 4 दिसंबर 2025 से 7 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। सभी किसान भाइयों बहनों से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर इस मेंले का लाभ उठाएं।

# कन्नौज में यातायात पुलिस पर वसूली के आरोप, टेंपो व बाइक चालकों में रोष

नवयुग समाचार संवाददाता

कन्नौजः जनपद कन्नौज में यातायात पुलिस पर वसूली के गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार कुछ ट्रैफिक पुलिसकर्मी सुबह होते ही शहर के प्रमुख चौराहों पर आईटीओ बनाकर चेकिंग के नाम पर टेंपो और बाइक चालकों से अवैध वसूली करते दिखते हैं। टेंपो चालकों का कहना है कि बीते दिनों उन्होंने इस मामले की शिकायत भी उठाई थी, लेकिन कार्रवाई के नाम पर अब तक कोई ठोस कदम नजर नहीं आया। चालकों का आरोप है कि रोजाना पेट्रोल पंप के पास, बाजार क्षेत्र और मुख्य मार्गों पर रोकर उनसे बेवजह चालान और वसूली की जाती है। इससे उनकी दैनिक आय पर सीधा असर पड़ रहा है। सूत्रों का दावा है कि वे इस पूरी गतिविधि की लगातार पल-पल की जानकारी प्रशासन तक पहुंचाने की कोशिश



कर रहे हैं, लेकिन स्थिति अब भी जस की तस बनी हुई है। स्थानीय लोग भी इस कथित वसूली से परेशान हैं और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। चालकों ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता और वाहन चालकों को राहत मिल सके। इस मामले को लेकर मैं पुष्टि नहीं कर रहा हूं सूत्रों ने दी जानकारी है

# सम्पादकीय....

# लोकतंत्र की सेहत पर सवाल.......

लोकतंत्र की सबसे सुंदर बात यही है कि वह बहस से चलता है, सहमति से नहीं। अगर संसद में अब सिर्फ सहमति बची है और असहमति को जगह नहीं दी जा रही तो हमें यह स्वीक-ार करना पड़ेगा कि लोकतंत्र अब अपने मूल अर्थ से कहीं न कहीं दूर जा रहा है। लोकतंत्र का अस्तित्व संसद के शोर में है, उसकी चुप्पी में नहीं। संसद को चलाना ही पर्याप्त नहीं, उसे बोलना और सुनना भी चाहिए। याद रहे कि जब संसद चुप होती है तब जनता बोलती है और जब जनता बोलती है तब इतिहास करवट लेता है। राजीव शुक्ला। दिल्ली में सर्दियां शुरू हो गई हैं, लेकिन राजधानी में राजनीतिक पारा चढ़ने वाला है। सोमवार से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है। एक दिसंबर से शुरू होने वाला यह सत्र 19 दिसंबर तक चलेगा। यानी संसद करीब 15 दिन ही चलेगी। यह सूचना भले ही प्रशासनिक कागजों में दर्ज हो, पर उसके भीतर देश की राजनीति की एक गहरी बेचैनी छिपी है। ऐसा इसलिए, क्योंकि जब संसद के सत्र छोटे होने लगते हैं तो यह कुछ और नहीं जनता की आवाज का सिकुड़ना ही है। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में जहां पांच सौ से अधिक लोकसभा सदस्य और ढाई सौ के करीब राज्यसभा सदस्य जनता की आवाज लेकर सदन में पहुंचते हैं, वहां सवाल यह है कि क्या इन सात सौ अस्सी से अधिक प्रतिनिधियों को मात्र पंद्रह दिनों में अपनी बात कहने का अवसर मिल पाएगा? यह



गणित जितना सरल दिखता है, उतना ही खतरनाक है। अगर हर सांसद को अपने क्षेत्र की ओर से सिर्फ पांच मिनट बोलने का ही अवसर मिले, तो पैंसठ घंटे से अधिक समय चाहिए। जबकि पूरे सत्र में मुश्किल से नब्बे घंटे की कार्यवाही होती है। उसमें प्रश्नकाल, विधेयक, औपचारिक भाषण और सरकार के एजेंडे का समय जोड़ दें तो बहस के लिए क्या बचता है? शायद वही, जो लोकतंत्र के पास अब धीरे-धीरे बचा रह गया है बहुत कम समय और बहुत लंबा मौन। संसद को लोकतंत्र का आत्मा कहा जाता है। यह वह जगह है जहां असहमति को जगह मिलती है और बहस के जरिये सच्चाई निकलती है। यहां जनता के सवालों को सत्ता के सामने रखा जाता है, पर पिछले कुछ वर्षों में यह आत्मा थका-सा लगने लगा है। संसद अब बहस का नहीं, बल्कि विधेयक पारित करने का केंद्र बनती जा रही है। कई बार तो लगता है कि विधेयक पहले से तय होकर आते हैं और संसद सिर्फ उस पर मुहर लगाने की औपचारिकता निभाती है। लोकतंत्र में संवाद सबसे बड़ी ताकत होती है, पर जब संवाद घटता है, तो लोकतंत्र सिर्फ औपचारिक शब्द बनकर रह जाता है। लोकतांत्रिक सरकार का अर्थ केवल सत्ता पक्ष नहीं होता, बल्कि विपक्ष भी उसका हिस्सा होता है। विपक्ष कोई विरोधी दल नहीं, बल्कि लोकतंत्र का दूसरा फेफड़ा है। जब एक पक्ष बोलता है और दूसरा सुनता है, तभी यह प्रणाली सांस लेती है, मगर अब वह सांस घुटने लगी है। संसद में विपक्ष के बोलने के समय को सीमित किया जाना, असहमति को विघ्न मान लेना और सवाल पूछने वालों को ह्यअव्यवस्थितह्ल करार देना, यह लोकतंत्र के चरित्र में आई सबसे खतरनाक प्रवृत्ति है। सत्ता को हमेशा सवालों की जरूरत होती है, क्योंकि सवाल ही उसे जमीन पर रखता है, लेकिन जब सवाल पूछने वाले कम हो जाएं या उनकी आवाज दबा दी जाए तो सत्ता जवाबदेह नहीं र-हकर आत्मसंतुष्ट हो जाती है। स्वतंत्रता के आरंभिक दो दशकों में संसद साल में औसतन एक सौ बीस से अधिक दिन चलती थी। अब वह संख्या आधी रह गई है। शीतकालीन सत्र का पंद्रह दिनों तक सीमित रहना उसी गिरावट का हिस्सा है। यह सिर्फ समय की कमी नहीं, अपितु लोकतांत्रिक संस्कृति के सिकुड़ने की कहानी है। संसद को अब जनता के सवालों से ज्यादा अपने कार्यक्रमों की चिंता है। बेरोजगारी, महंगाई, किसान संकट या शिक्षा पर चर्चा पीछे खिसक गई है। संसद वह जगह थी जहां जनता बोलती थी, अब वह जगह बन गई है जहां सरकार बोलती है और बाकी सिर्फ सुनते हैं।

सवाल पूछना लोकतंत्र का अपराध नहीं, उसका सबसे बड़ा कर्तव्य है। हर सांसद जब अपनी सीट से खड़ा होकर कोई प्रश्न पूछता है, तो वह अपने क्षेत्र की जनता की तरफ से बोलता है। जब उसे बोलने से रोका जाता है, तो यह एक तरह से उस जनता को चुप कराने जैसा है जिसने अपने वोट से उसे संसद तक पहुंचाया। यही कारण है कि संसद में कम होते सवाल, कम होते सत्र और बढ़ता मौन एक गहरी चिंता पैदा करते हैं। लोकतंत्र की ताकत बहस में होती है और जब बहस सिमटने लगे तो समझना चाहिए कि लोकतंत्र की सेहत गिर रही है। अब संसद का मौन डराने लगा है। पहले संसद में शोर था। गुस्सा भी था। बहसें भी थीं और कभी-कभी अव्यवस्था भी देखने को मिलती थी, लेकिन उस शोर में जीवंतता की अनुभूति थी। आज बहुत कुछ सुव्यवस्थित है, शांत है, तय है। शायद यही शांति लोकतंत्र की सबसे बड़ी बीमारी बन गई है, क्योंकि जो संसद बोलना बंद कर देती है, वह जनता से सुनना भी बंद कर देती है। पंद्रह दिन का सत्र किसी राजनीतिक गणना का नतीजा हो सकता है, पर यह जनता के प्रतिनिधित्व के आत्मा पर प्रहार है। इतने कम समय में न कोई गहरी चर्चा हो सकती है, न किसी कानून के दूरगामी प्रभावों पर विचार। यह लोकतंत्र का ह्यसंक्षिप्त संस्करणह्ल है कि यह तेज तो है पर आत्माहीन भी है। लोकतंत्र को चलाने के लिए सिर्फ चुनाव नहीं, संवाद भी चाहिए। संसद को सिर्फ विधेयक नहीं, प्रश्न भी चाहिए। जो शासन संवाद से डरता है, वह अंततः जनता से दूर हो जाता है। संसद को अब समय की नहीं, गंभीरता की जरूरत है। यह वह जगह नहीं होनी चाहिए जहां सरकार केवल अपनी बात कहे, बल्कि वह मंच होना चाहिए जहां देश की हर आवाज, चाहे वह सत्ता की हो या विपक्ष की, उसे बराबरी और गंभीरता से सुना जाए। लोकतंत्र की सबसे सुंदर बात यही है कि वह बहस से चलता है, सहमति से नहीं। अगर संसद में अब सिर्फ सहमति बची है और असहमति को जगह नहीं दी जा रही तो हमें यह स्वीक-ार करना पड़ेगा कि लोकतंत्र अब अपने मूल अर्थ से कहीं न कहीं दूर जा रहा है। लोकतंत्र का अस्तित्व संसद के शोर में है, उसकी चुप्पी में नहीं। संसद को चलाना ही पर्याप्त नहीं, उसे बोलना और सुनना भी चाहिए। याद रहे कि जब संसद चुप होती है तब जनता बोलती है और जब जनता बोलती है तब इतिहास करवट लेता है।

# सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत व सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के दृष्टिगत यातायात पुलिस द्वारा की गयी प्रभावी कार्यवाही।



नवयुग समाचार बहराइच। शासन के निदेर्शानुसार सड़क दुर्घटनाओं एवं उनसे होने वाली मृत्यु की संख्या में 50% की कमी लाए जाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस बहराइच द्वारा जनपद में लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक लखनऊ - बहराइच राजमार्ग पर तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान स्पीड राडार यंत्र द्वारा वाहनों की गति की जाँच की गई। निर्धारित गति सीमा से अधिक गति से वाहन चलाते पाए गए कुल 30 वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्यवाही की गई तथा उन पर कुल ?60,000/- रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। यातायात पुलिस बहराइच आमजन से पुनः अपील भी की गयी कि वाहन चलाते समय निर्धारित गति सीमा एवं यातायात नियमों का पालन करें, सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है तथा नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

# लखनऊ में अपहरण की आशंका: मैजापुर के 27 वर्षीय युवक लवलेश पांडे लापता, परिजनों में हड़कंप

नवयुग समाचार

गोंडा। जिले के कटरा बाजार थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मैजापुर निवासी 27 वर्षीय लवलेश पाण्डे के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने से परिवार में कोहराम मचा है। लवलेश अपने बड़े भाई अखिलेश पांडे के साथ इंदिरा नगर सी-ब्लॉक में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। जानकारी के अनुसार, वह बीते दिन दोपहर करीब 2 बजे सब्जी लेने के लिए घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। शाम करीब 5 बजे अखिलेश पांडे के मोबाइल पर लवलेश के ही फोन से एक संदिग्ध संदेश आया, जिसमें लिखा था कि ह्लआपका भाई हमारे कब्जे में है, उसे सुरक्षित चाहते हो तो 50 लाख रुपये तैयार रखें। रुपये जहाँ लोकेशन भेजी जाएगी, वहीं पहुँचाना ह्व इस संदेश के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों का आरोप है कि इतने गंभीर मामले के बावजूद पुलिस ने घटना को मात्र गुमशुदगी के रूप में दर्ज किया है, जबकि संदेश साफ तौर पर अपहरण की ओर इशारा करता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक बावन सिंह ने पुलिस कमिश्नर लखनऊ व संबंधित सीओ से बात कर तत्काल कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों ने परिवार को आश्वासन दिया है कि जांच तेजी से की जा रही है। तकनीकी सर्विलांस के आधार पर लवलेश के मोबाइल की अंतिम लोकेशन हाथरस-अलीगढ़ सीमा क्षेत्र में मिली है, जिसके आधार पर टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। उधर, परिवार के लोग बेहद परेशान हैं और अपने बेटे की सुरक्षित वापसी के लिए लगातार अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं। परिजनों ने उत्तर प्रदेश सरकार और लखनऊ पुलिस कमिश्नर से मांग की है कि मामले को अपहरण के रूप में लेते हुए लवलेश पांडे की शीघ्र व सकुशल बरामदगी सुनिश्चित की जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### बिल्हौर पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संजय त्रिपाठी/नवयुग समाचार



बिल्हौर: पुलिस आयुक्त एवं पुलिस उपायुक्त पश्चिम के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर के कुशल निर्देशन में वांछित निसार अहमद अहमद उर्फ मोहम्मद साहिल पुत्र सिराजुद्दीन उर्फ कलामुद्दीन निवासी विसंधुआ थाना तिर्वा जनपद कन्नौज उम्र करीब 36 वर्ष के विरुद्ध माननीय न्यायालय सीजेएम 03 कानपुर देहात स्थाई वारंट जारी किया गया था। ब्लॉक पुलिस द्वारा अभियुक्त को उसके ससुराल ग्राम कथिका थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात के पास झिंझक जाने के लिए कुंतलिया गांव के रास्ते से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त निसार उर्फ मोहम्मद साहिल निवासी शेखपुर धर्मशाला बिल्हौर कानपुर नगर के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों का दुरुपयोग कर भर्ती हुआ था। अभियुक्त नहीं शैक्षणिक प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए अखबार में फर्जी इतिहास जारी करवा कर शैक्षिक भारती बोर्ड से डुप्लीकेट शैक्षिक प्रमाण पत्र मोहम्मद साहिल पुत्र कमालुद्दीन के नाम से प्राप्त किया था जिसका प्रयोग अभी आर्मी भर्ती में किया था। वर्ष 2018 में वास्तविक मोहम्मद साहिल पुत्र कमालुद्दीन निवासी शेखपुर धर्मशाला बिल्हौर कानपुर नगर को उपयुक्त के विषय में जानकारी हुई तो उसने अभियुक्त मोहम्मद मोहम्मद निसार अहमद पुत्र मोहम्मद साहिल के विरुद्ध बिल्हौर थाने में सुसंगत थाने में मुकदमा लिखवाया था। बिल्हौर पुलिस ने द्वारा अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। पुलिस उपायुक्त पश्चिम द्वारा गिरफ्तार करने वाली टीम को पुरुस्कृत किया जाएगा। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाले टीम में उ.नि.जनमेद सिंह, उ.नि.शुभम देशवाल, उ.नि.अक्षय कुमार, हेड कॉन्स्टेबल धर्मेंद्र कुमार रहे। उक्त विषय में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सरोज ने जानकारी साझा की।

### राजमार्ग पर आवारा जानवरों से हादसे, पुलिस भी नाकाम

मोहम्मद इरफान खान/नवयुग समाचार

उन्नाव: जिले के नवाबगंज में राजमार्ग पर आवारा जानवरों की चहलकदमी से लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। शनिवार शाम 6 बजे स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज के पास एक गाय सड़क पर आ गई, जिससे बाइक सवार तीन लोग टकराकर घायल हो गए। कोतवाली अजगैन पुलिस के पास घटनास्थल से गुजरते हुए गाय को किनारे किया, लेकिन घायल बाइक सवार पुलिस देख भाग गए, डर के कारण कि तीन लोग एक बाइक पर होने पर पुलिस कार्रवाई कर सकती है। इस घटना के बाद सवाल उठ रहे हैं कि जब जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में आवारा जानवरों पर बैठकें हो रही हैं, तो फिर हादसों का सिलसिला क्यों थम नहीं रहा है? नवाबगंज और टोल प्लाजा के पास गौशालाओं में लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं, फिर भी स्थिति नियंत्रण में नहीं। स्थानीय लोग प्रशासन से सख्त कदम की मांग कर रहे हैं। क्या प्रशासन इस पर कार्रवाई करेगा?

### मिट्टी खोदते समय टीला धसने से बड़ा हादसा: मलबे में दबी चार युवतियाँ, एक की मौत, तीन गंभीर

नवयुग समाचार

कन्नौज के थाना सौरिख क्षेत्र के गांव सर्वा में घर की पुताई के लिए मिट्टी निकालते समय बड़ा हादसा हो गया। गांव के समीप तालाब किनारे टीले के नीचे बैठकर मिट्टी खोद रहीं चार युवतियाँ अचानक टीला धसने से मिट्टी के मलबे में दब गईं। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू करते हुए सभी युवतियों को बाहर निकाला और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इलाज के दौरान 50 वर्षीय नन्ही देवी ने दम तोड़ दिया। उनकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। अन्य तीन युवतियों की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

### पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया



मोहम्मद इरफान खान/नवयुग समाचार

उन्नाव। दिनांक 28.11.2025 को जय प्रकाश सिंह पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में पुलिस लाइन का बल, विभिन्न कार्यालयों व थानों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। परेड निरीक्षण के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर, मेस, बैरक आदि का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। परेड निरीक्षण के दौरान प्रतिसार निरीक्षक अब्दुल रशीद मौजूद रहे।

# आक्रोशित लेखपाल शुक्रवार को काम बंद कर धरने पर बैठ गए

**मुख्यमंत्री को भेजा खत, लगाई न्याय की गुहार**

मोहम्मद इरफान खान
नवयुग समाचार

उन्नाव: बांगरमऊ जनपद फतेहपुर में अधिकारियों द्वारा निलंबित कर देने के बाद बर्खास्त कर देने की धमकी एवं अपमानित करने के चलते एक लेखपाल ने आत्महत्या कर ली है।

इसी से आक्रोशित यहां की तहसील के लेखपाल शुक्रवार को काम बंद कर धरने पर बैठ गए। लेखपालों ने मुख्यमंत्री से अधिकारियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग उठाई है। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की बांगरमऊ तहसील इकाई द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि जिला फतेहपुर के अधिकारियों द्वारा विगत 22 नवंबर को एस आई आर से संबंधित बैठक बुलाई गई थी। चूंकि फतेहपुर के



2024 बैच के लेखपाल सुधीर कुमार की 26 नवंबर को शादी होनी थी। इसीलिए वह इस बैठक में शामिल नहीं हो सका। जिससे अधिकारियों ने उसे निलंबित कर दिया और बाद में लेखपाल को अपमानित कर उसे बर्खास्त कर देने की धमकी भी दी गई। अंततः भीषण तनाव और अपमान झेल न पाने के चलते वह डिप्रेशन में चला गया और वह आत्महत्या के लिए मजबूर हो गया। ज्ञापन में यह भी आरोप है कि प्रदेश के सभी तहसील और जिले के अधिकारियों के बदलते व्यवहार, संवेदनहीनता व संवादहीनता के चलते सभी लेखपाल त्रस्त हैं।

इकाई संघ ने मुख्यमंत्री से जिला फतेहपुर के दोषी अधिकारियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच कराए जाने की मांग उठाई है।

ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप सेउन्नाव जिलाध्यक्ष महेंद्र कुमार जिला मंत्री ब्रजेश प्रताप सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार तहसील अध्यक्ष बृजेश कुमार, मंत्री ओम जी मिश्रा आकांछा राम विलास राणा अंकित यादव रोहित कुमार कुलदीप कुमार सौरभ सिंह सौरभ दुबे प्रशांत मिश्रा अनामिका, शिवानी, यशवंत, अभिषेक, धर्मेंद्र सहित तहसील के सभी लेखपाल मौजूद रहे।

जब गुरु आभास करता है कि किस शिष्य को किस मार्ग पर बढ़ाना है तो गुरु अपने आप उस मार्ग पर बढ़ाता चला जाता -योगीराज श्रीशक्तिपुत्र जी महाराज



कैलाश नाथ तिवारी
नवयुग समाचार

अयोध्या/अम्बेडकरनगर। आध्यात्मिक ज्ञान के प्रकाण्ड विद्वान त्रिकालदर्शी ऋषिवर धर्मसम्राट योगीराज श्रीशक्तिपुत्र जी सद्गुरुदेव महाराज ने अपने चिंतनों में कहा कि गुरु जब आभास करता है कि किस शिष्य को किस रास्ते में बढ़ाना है, साधना में बढ़ाना है या सेवाकार्य में बढ़ाना है, तो गुरु अपने आप उसे बढ़ाता चला जाता है। इसके लिए आपको व्यथित होने की जरूरत नही है। अगर व्यथित होना है तो उस अवस्था को प्राप्त करने के लिए कि गुरु की नजदीकता हम किस प्रकार प्राप्त करें? उसके लिए दिखावा या नाटक करने से आप कुछ नही प्राप्त कर सकते। अहंभाव से नजदीकता प्राप्त नही कर सकते। केवल धन-दौलत चढ़ाकरके नजदीकता प्राप्त नही कर सकते। उसके लिए आपको निर्मल मन से, सरल भाव से उन कर्मों को करना पड़ेगा। उन मन्त्र जापों में, ध्यान की क्रियाओं में, चिंतन की क्रियाओं में, गुरु के बताए हुए आचार-विचारों में अपने आपको ढालें।

## राजमार्ग पर आवारा जानवरों से हादसे, पुलिस भी नाकाम



मोहम्मद इरफान खान
नवयुग समाचार

उन्नाव: जिले के नवाबगंज में राजमार्ग पर आवारा जानवरों की चहलकदमी से लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। शनिवार शाम 6 बजे स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज के पास एक गाय सड़क पर आ गई, जिससे बाइक सवार तीन लोग टकराकर घायल हो गए। कोतवाली अजगैन पुलिस के पास घटनास्थल से गुजरते हुए गाय को किनारे किया, लेकिन घायल बाइक सवार पुलिस देख भाग गए, डर के कारण कि तीन लोग एक बाइक पर होने पर पुलिस कार्रवाई कर सकती है। इस घटना के बाद सवाल उठ रहे हैं कि जब जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में आवारा जानवरों पर बैठकें हो रही हैं, तो फिर हादसों का सिलसिला क्यों थम नहीं रहा है? नवाबगंज और टोल प्लाजा के पास गौशालाओं में लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं, फिर भी स्थिति नियंत्रण में नहीं। स्थानीय लोग प्रशासन से सख्त कदम की मांग कर रहे हैं। क्या प्रशासन इस पर कार्रवाई करेगा?

## वैक्सीनेशन के बाद मासूम की संदिग्ध मौत

**क्या था कारण परिवार की मांग, जांच जारी**

मोहम्मद इरफान खान
नवयुग समाचार



उन्नाव।उन्नाव के ग्राम पंचायत मकूर में एक दिल दहला देने वाली घटना हुई है, जहां दो महीने के मासूम गौरव की वैक्सीनेशन के कुछ घंटों बाद संदिग्ध मौत हो गई। स्वास्थ्य केंद्र से आई टीम ने उसे पेंटागेलन, बीसीजी और अन्य टीके लगाए थे। लेकिन कुछ ही घंटों बाद बच्चे की तबियत बिगड़ गई और रात होते-होते उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजनों का कहना है कि बच्चे के शरीर में बदलाव आए, नाक से खून बहने लगा, और फिर उसने दुनिया छोड़ दी। हालांकि स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है और जांच जारी है। गांव में गुस्सा और बेबसी का माहौल है। क्या यह वैक्सीनेशन का रिएक्शन था या फिर कुछ और वजह उन्नाव के लोग जवाब की तलाश में हैं। परिवार की मांग है कि सच सामने आए और जिम्मेदारी तय हो।

### हरियाणा में आयोजित सेमिनार में पंधरी की खुशबू को मिला प्रथम स्थान

भरुआ सुमेरपुर। ग्राम पंचायत पंधरी की एक होनहार बेटी ने हरियाणा में आयोजित टोयोटा बोशोकु डिवाइस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित सेमिनार में प्रथम स्थान प्राप्त करके घर परिवार के साथ प्रांत एवं जिले का नाम रोशन किया है। शनिवार को हरियाणा के बावल में टोयोटा बोशोकु डिवाइस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने क्वालिटी सर्कल पर सेमिनार का आयोजन किया था। इसमें पंधरी की जुग्गीलाल गुप्ता की पुत्री खुशबू गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त करके घर परिवार के साथ प्रांत एवं जिले का नाम रोशन किया है। बिटिया की इस सफलता पर पूरा परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। परिवार में हर्ष का माहौल है। पंधरी के पूर्व प्रधान अरविंद उर्फ बाले गुप्ता, नीना गुप्ता, मैकुलाल गुप्ता, अंकित गुप्ता आदि ग्रामीणों ने इस सफलता पर हर्ष जताते हुए बिटिया को बधाई दी है।

## फेसबुक पर डीएम गौरांग राठी के नाम से फर्जी आईडी ने मचाया हड़कंप प्रशासन ने जारी की चेतावनी

मोहम्मद इरफान खान
नवयुग समाचार

उन्नाव। उन्नाव जिले में एक बार फिर साइबर ठगी का मामला सामने आया है। फेसबुक पर उन्नाव के जिलाधिकारी (डीएम) गौरांग राठी के नाम से एक फर्जी आईडी बनाई गई है, जिसने सोशल मीडिया पर हड़कंप मचा दिया है। पिछले चार से छह दिनों में इस फर्जी अकाउंट ने लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी और काम कराने के बहाने ठगी का प्रयास किया। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने इस फर्जी बातचीत को सार्वजनिक किया, जिसके बाद यह आईडी ट्रोल होने लगी। प्रशासनिक अफसरों ने इस मामले में तुरंत कार्रवाई की और लोगों से अपील की है कि वे इस फर्जी आईडी के झांसे में न आएं और किसी भी संदिग्ध संदेश पर विश्वास न करें। डीएम गौरांग राठी ने इस मामले की शिकायत साइबर थाने में दर्ज कराई है, और साइबर टीम फर्जी अकाउंट के लोकेशन का पता लगाने में जुटी है।

डीएम के स्टेनो ने स्पष्ट किया कि वायरल हो रही आईडी पूरी तरह से फर्जी है और उनका कोई इससे संबंध नहीं है। वहीं, साइबर प्रभारी राजेश पाठक ने कहा, ह्ययदि जिलाधिकारी के नाम से कोई भी आईडी चल रही




है, तो हम तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर उसे बंद कराएंगे। **सालभर बाद फिर वही घटना**

यह घटना करीब एक साल पहले हुई एक समान घटना की याद दिलाती है। तब भी एक हैकर ने डीएम गौरांग राठी के नाम से एक फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर एक युवक शिवम को फोन किया था और खुद को जिलाधिकारी बताकर उसके परिवार का हाल-चाल पूछा था। उस बातचीत का ऑडियो-वीडियो वायरल हो गया था, और साइबर पुलिस ने जांच शुरू की थी, लेकिन उस समय भी कोई ठोस परिणाम नहीं निकल सका था।अब फिर वही तरीका अपनाया गया है, जिससे एक बार फिर साइबर अपराधी सक्रिय हो गए हैं। प्रशासन ने इस बार और सख्ती से कार्रवाई करने का निर्णय लिया है ताकि इस तरह की ठगी से बचा जा सके।

# कन्नौज पुलिस के दो जांबाज अफसर सेवानिवृत्त, सम्मानपूर्वक विदाई

नवयुग समाचार
संवाददाता सीबू सैनी

कन्नौज। जनपद कन्नौज पुलिस के दो अनुभवी उपनिरीक्षक अधिवर्षता आयु पूर्ण कर रविवार को सेवानिवृत्त हो गए। पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने दोनों सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को शॉल, स्मृति चिन्ह व उपहार भेंट



कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों में उपनिरीक्षक भूप सिंह और उपनिरीक्षक दिनेश चन्द्र यादव शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि दोनों ने अपने सेवाकाल के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के साथ पुलिस विभाग की सेवा की है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस सेवा एक कठिन जिम्मेदारी है, जिसे दोनों अधिकारियों ने पूरी निष्ठा से निभाया। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को शुभकामनाएं दीं।

# नेशनल हाईवे पर चलती कार पर खतरनाक स्टंट करने वालों पर पुलिस की नजर

नवयुग समाचार
संवाददाता सीबू सैनी

कन्नौज।सड़कों पर कहीं दबंगई कायम करने को तो कहीं अपना हुनर दिखाने को कुछ लोग खतरनाक स्टंटबाजी करने से नहीं चूक रहे हैं। आय दिन कोई ना कोई नजारा ऐसा सामने आ ही जाता है जो हर किसी को हैरान करने वाला होता है। खास बात तो यह है कि स्टंटबाजी के चक्कर में ये लोग अपनी जान तक को जोखिम में डालने से भी नहीं चूकते।

बताते चलें कि ऐसा ही एक मामला नेशनल हाईवे पर नजर आया। मामले का वीडियो वायरल हुआ तो देखने वाले तो दंग थे ही, पुलिस भी इन स्टंटबाजों के पीछे पड़ गई है। वायरल वीडियो नेशनल हाईवे पाल चौराहे के निकट का बताया जा रहा है। इसमें एक चलती हुई कार के ऊपर बोनट और छत पर छह युवक खतरनाक स्टंट करते हुए नजर आ रहे हैं।

फिल्मी अंदाज में स्टंटबाजी के इस नजारे में कार की खिड़कियां खुली हुई नजर आ रही हैं, जबकि कार की छत पर दो युवक खड़े हुए हैं। रात के नजारे में मामले का उपरोक्त वीडियो काफी वायरल हो रहा है। नजारे को देखकर मानों ऐसा लगता है कि, इन लोगों में कानून का कोई खौफ नहीं नहीं है। पाल चौराहे के निकट हाइवे का उपरोक्त वीडियो जहां वायरल हो रहा है वहीं पाल चौराहे के निकट स्थित पुलिस चौकी होने के बाद भी पुलिस को इसकी भनक वीडियो वायरल होने के बाद हो सकी है।फिलहाल मामले को लेकर एक पुलिस अधिकारी बताते हैं कि वायरल वीडियो के आधार पर कार सवार लोगों की पहचान की जा रही है, जिसके बाद स्टंटबाजों पर कार्यवाही तय है।



# संक्षिप्त समाचार




## तिर्वा में ट्रैफिक व्यवस्था बेपटरी, घंटों जाम से त्रस्त आम जनता

नवयुग समाचार संवाददाता सीबू सैनी

कन्नौज। तिर्वा कस्बे में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जिसके चलते लोगों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांधी चौराहा और ठठिया तिराहा जाम का प्रमुख केंद्र बने हुए हैं, जहां घंटों तक वाहन रेंगते रहते हैं। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि एंबुलेंस तक जाम में फंस जा रही हैं। ऐसी ही एक एंबुलेंस का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने प्रशासन की लापरवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रैफिक पुलिस मौके पर मौजूद होने के बावजूद जाम खुलवाने में नाकाम साबित हो रही है। अव्यवस्थित पार्किंग, तेज रफ्तार वाहन और बेढंगे ढंग से गुजरते बड़े वाहनों के कारण स्थिति और गंभीर बनी हुई है। व्यापारियों व राहगीरों ने जिला प्रशासन से जल्द ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने, अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात करने और नियमित रूप से जाम प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने की मांग की है। प्रशासनिक उदासीनता के चलते लोगों का धैर्य अब जवाब देता नजर आ रहा है।

## स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, शाह हॉस्पिटल और पावा मेडिकल सेंटर सील





मोहम्मद इरफान खान/ नवयुग समाचार

उन्नाव।परियर में रविवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने परियर क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए शाह हॉस्पिटल और पावा मेडिकल सेंटर को बंद कर दिया। यह छापेमारी एसीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में की गई, जिसमें दोनों नर्सिंग होम संचालकों से पंजीकरण प्रमाणपत्र मांगे गए। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि न तो शाह हॉस्पिटल और न ही पावा मेडिकल सेंटर के संचालक कोई वैध दस्तावेज पेश कर सके। जांच में यह भी सामने आया कि दोनों नर्सिंग होम में काम करने वाला स्टाफ अप्रशिक्षित था और स्वास्थ्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन खुलेआम हो रहा था। स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल प्रभाव से अस्पतालों में भर्ती मरीजों को सुरक्षित स्थानांतरण करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भेजा। एसीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह ने कहा, ङ्क्षबना पंजीकरण और प्रशिक्षित स्टाफ के नर्सिंग होम चलाना एक गंभीर उल्लंघन है। ऐसे मामलों को हम पूरी गंभीरता से लेंगे। भविष्य में यदि कोई नर्सिंग होम बिना पंजीकरण के संचालन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों और मरीजों के परिजनों में राहत की भावना है। कई लोगों ने बताया कि इन नर्सिंग होम में लंबे समय से अनियमितताएँ चल रही थीं, लेकिन किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही थी। अब स्वास्थ्य विभाग की यह कार्रवाई क्षेत्र के अन्य नर्सिंग होम संचालकों के लिए एक सख्त संदेश बन गई है। यह कदम स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर विभाग की गंभीरता को दर्शाता है, और भविष्य में ऐसे मामलों पर कड़ी निगरानी रखने का संकेत देता है।

## भगवा परिषद बरेली की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन ।

नवयुग समाचार

बरेली। भगवा परिषद जनपद बरेली की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है । डॉक्टर सुबोध अस्थाना (जिलाध्यक्ष),विमल सक्सेना (वरिष्ठ उपाध्यक्ष),अनुज शर्मा, प्रवीण मिश्रा, महेंद्र राठौर,गौरव पांडे (जिला उपाध्यक्ष), शैलेन्द्र सक्सेना शैलू (जिला महासचिव),आशीष सक्सेना (जिला संगठन मंत्री),सचिन कंचन, दीपक सक्सेना, योगेंद्र श्रीवास्तव,राहुल शर्मा ,प्रदीप गुप्ता,गौरव मिश्रा,अंकुर पाठक (जिला सचिव) । इसके अलावा अश्विनी कमठान ,रक्षपाल सिंह, अवधेश कुमार सिंह, दीपक राज, विपिन कौसर,मोहित शर्मा,रवि सक्सेना,अभिषेक शंखधार विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे । स्नेहलता चौहान महिला सशक्तिकरण का कार्य देखेंगी। नई कार्यकारिणी को उत्तर प्रदेश के वन राज्य मंत्री डॉक्टर अरुण कुमार,भगवा परिषद प्रदेश अध्यक्ष अजय कटियार, प्रदेश प्रवक्ता संतोष उपाध्याय, मंडल प्रभारी सुनील सक्सेना मिलन, मंडल अध्यक्ष दिवाकर आर्य,कायस्थ महासभा पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश सक्सेना कातिब,विजांश महासभा जिलाध्यक्ष राकेश सक्सेना,कायस्थ चेतना मंच के संजय सक्सेना, कायस्थ सेना कल्याण परिवार के आलोक प्रधान, श्यामदीप सक्सेना, मनोज सक्सेना गोपाल धूप,आलोक सक्सेना आदि ने बधाई दी है।



# उफ यह कैसा जागरूकता अभियान? एक तरफ अधिकारियों का जागरूकता अभियान, तो दूसरी तरफ नियमों की अनदेखी हुजूर!

नवयुग समाचार संवाददाता सीबू सैनी

कन्नौज। जिला मुख्यालय पर जहां मासिक यातायात जागरूकता अभियान को लेकर दुपहिया और आमजन को आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी जागरूकता का पाठ पढ़ा रहे थे, वहीं दूसरी ओर यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ती हुई साफ नजर आ रही थीं।

बताते चलें कि, रविवार को यातायात माह जागरूकता अभियान के तहत कन्नौज जिला मुख्यालय पर तिर्वा कन्नौज रेलवे क्रॉसिंग के निकट आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिले के पुलिस कप्तान विनोद कुमार की मौजूदगी में पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात डा .प्रियंका बाजपेई सहित अन्य पुलिस बल एवं ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी में दो पहिया वाहनों के चालकों से लेकर आमजन को यातायात के नियमों का पाठ पढ़ाया जा रहा था। वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम स्थल के निकट से ही गुजरते कन्नौज वाया दिल्ली कानपुर मुख्य मार्ग से दोपहिया वाहनों के चालक सहित अन्य कई वाहनों से खुलेआम यातायात के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ती हुई साफ नजर आ रही थीं।

आखिर सवाल तो बन ही गया कि आखिर यह कैसा कन्नौज यातायात पुलिस का जागरूकता अभियान।

क्या केवल औपचारिकता, या केवल अपने सीनियर अधिकारियों को खुश करने और वाहवाही लूटने की चाहत ?

बताते चलें कि रविवार को तिर्वा कन्नौज क्रॉसिंग के निकट चंद कदम की दूरी पर जिले के यातायात विभाग द्वारा आयोजित यातायात जागरूकता कार्यक्रम में एसपी विनोद कुमार ने उन 75 दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट का वितरण किया जो यातायात पुलिस की निगरानी में थे। इनके नामों को चेकिंग के दौरान नोट किया गया था। यह वह लोग थे जिन्होंने दो पहिया वाहन होने के बाद भी हेलमेट खरीदने में असमर्थता जताई थी। कार्यक्रम में स्वयं सेवी संस्थाओं के लोगों की मौजूदगी में उपस्थित हुए दो पहिया और अन्य आमजनों को जहां एसपी सहित यातायात पुलिस अधिकारी और अन्य लोगों द्वारा जागरूकता का पाठ पढ़ाया गया वहीं सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया।







लोगों को यह भी बताया गया कि, यातायात के नियमों की अनदेखी करने पर यमराज किस समय दर्शन दे दें और मानकों की अनदेखी करने वालों को अपनी चपेट में ले लें, इससे पहले ही सभी को सावधान रहकर नियमों का पालन करना ही होगा।

खास माजरा यह रहा कि जहां एक ओर अधिकारी लोगों को जागरूकता का पाठ पढ़ा रहे थे वहीं दूसरी ओर चंद कदमों की दूरी से गुजरने वाले मुख्य दिल्ली कानपुर मार्ग प्रमुख से दो पहिया से लेकर बड़े वाहन खुलेआम मानकों की धज्जियां उड़ाते हुए साफ नजर आ रहे थे।

मौके पर कार्यक्रम स्थल के निकट से ही दो पहिया वाहनों पर जहां खुलेआम दोपहिया वाहनों पर तीन सवारियां आ जा रही थीं, वहीं बड़े वाहनों पर ओवरलोडिंग का सिलसिला कायम था। आखिर सवाल तो पैदा हुआ कि यह कैसा यातायात जागरूकता अभियान और जवाबदेह आखिर कौन?

# यातायात माह का हुआ भव्य समापन

मोहम्मद इरफान खान
नवयुग समाचार

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह के कुशल निर्देशन एवं प्रेमचंद अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व क्षेत्राधिकारी यातायात अजय कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह द्वारा यातायात माह का भव्य समापन समारोह का आयोजन किया गया।

यातायात कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में यातायात प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक उन्नाव, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी), क्षेत्राधिकारी यातायात व सिटी मजिस्ट्रेट को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। विवेकानन्द इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। यातायात प्रभारी ने मंचासीन अतिथियों को बुके और प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन और सम्मान किया गया।क्षेत्राधिकारी यातायात अजय कुमार सिंह ने नवबर माह में यातायात विभाग द्वारा किये गए चालान, सड़क दुर्घटनाओं में कमी, दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को राहत दिलाने, सड़क सुरक्षा जागरूकता के विभिन्न पहलुओं का आंकड़ा प्रस्तुत किया। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) प्रेमचन्द्र द्वारा स्वयं रचित यातायात जागरूकता पर गीत गाकर आम जनमानस को सड़क दुर्घटनाओं से बचने के उपाय बताये गये व यातायात नियमों को पालन करने की अपील गयी । मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि बड़ों से ज्यादा युवाओं को जागरूक होने की जरूरत है और बिना प्रशिक्षित हुए लाइसेंस का आवेदन न करने का संदेश दिया। उन्नाव जनपद में हो रही सड़क दुर्घटनाओं द्वारा हो रही मृत्यु पर खेद व्यक्त किया तथा अपने उद्बोधन में कहा कि जागरुकता से ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सकती है, इसीलिये यातायात नियमों से जागरुक होकर इनका पालन करने हेतु सभी को तत्पर रहना चाहिये।





यातायात माह में सर्वाधिक चालान करने वाले उ0नि0 संतोष कुमार सिंह प्रथम, द्वितीय एच0सी0पी0 कमरूद्दीन व तृतीय उ0नि0 अनिल कुमार व उ0नि0 तिलक सिंह (सड़क दुर्घटना सेल) मु0आ0 रामप्रकाश, मु0आ0 महेश प्रसाद पाण्डे, मु0आ0 भूपनारायण, म0मु0आ0 अर्चना दुबे , ई-चालान से आ0 मुकेश राजपूत, आ0 रजत वर्मा को सम्मानित किया गया ।

पुलिस अधीक्षक उन्नाव द्वारा गीता मिश्रा प्रबन्धक पैट्रियाट इंटर कालेज, मो0 मोनीश प्रबन्धक किंग्सन इंटर कॉलेज व नवीन भारती प्रबन्धक विवेकानंद इंटर कालेज डा0 आशीष श्रीवास्तव परिवार परामर्श समिति/संचालक , डा अभिषेक श्रीवास्तव( मेडिसिटी हास्पिटल), स्वंयबर राजपूत समाजसेवी एवं यातायात पुलिस के कर्मठशील कर्मियो को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र वितरित किये गये। यातायात प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह ने सभी को आभार जताते हुए समापन की घोषणा की ।

यातायात माह नवंबर 2025 के दौरान जनपद उन्नाव में कुल 7219 चालान किये गये जिस-|का कुल शमन शुल्क 10816000 रु0 हुआ। इस माह बगैर हेल्मेट दो पहिया वाहन चालाने पर कुल 4841 चालान किये गये तथा सीट बेल्ट लगाये बिना चार पहिया वाहन चलाने पर 184 चालान किये गये।

## बहराइच जनपद के विभिन्न स्थानों पर बहू-बेटी सम्मेलन व जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं/बालिकाओं को किया गया सशक्त

नवयुग समाचार

बहराइच। मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर बहू-बेटी चौपाल एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों, उनके अधिकारों, तथा सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, मिशन शक्ति टीमों ने उन्हें विभिन्न सहायता सेवाओं, सरकारी योजनाओं और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी उपलब्ध कराई। महिलाओं पर होने वाले अपराधों की पहचान और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 1090 झ वीमेन पावर लाइन, 1098 झ चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 झ सीएम हेल्पलाइन, 112 झ इमरजेंसी सेवा, 181 झ महिला



हेल्पलाइन, 108 झ एम्बुलेंस सेवा, 1930 झ साइबर अपराध शिकायत हेल्पलाइन आदि के बारे में जानकारी दी गयी । महिलाओं व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, जिससे वे लाभान्वित हो सकें। साथ ही मानव तस्करी / बाल तस्करी पर विशेष रूप से जानकारी दी गई कि इन अवैध गतिविधियों से कैसे सतर्क व सुरक्षित रहा जा सकता है। इसके अतिरिक्त महिलाओं को आत्म-रक्षा के सरल व प्रभावी तरीकों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया ताकि वे किसी भी विषम परिस्थिति में स्वयं की रक्षा कर सकें।

# दूल्हे के जयमाल के बाद दुल्हन के लापता होने से मच गया हंगामा

नवयुग समाचार संवाददाता

उन्नाव: ढोल-नगाड़े की ध्वनि और नृत्य से सजा वातावरण, खुशी और उल्लास के बीच एक अजीबो-गरीब घटना घटी। दूल्हा और दुल्हन की जयमाल रसम के बाद जब भांवर की बारी आई, तो सभी लोग हैरान रह गए। दुल्हन अपने कमरे से गायब हो गई।

बरात में उपस्थित सभी लोग, विशेष रूप से दूल्हे के परिवार के लोग, दुल्हन की लापता होने की खबर सुनकर चौंक उठे। शादी की खुशियों में अचानक मायूसी का माहौल छा गया। जब परिजनों ने दुल्हन की खोजबीन शुरू की, तो उन्हें पता चला कि वह किसी और के साथ चली गई थी झ और वह कोई और नहीं,



बल्कि उसका गांव का प्रेमी था।

**खबर फैलते ही दुल्हन के पिता की हालत बिगड़ी**

दुल्हन के पिता ने तुरंत अपने बेटी के प्रेमी को फोन किया। फोन पर जब उसने अपनी बेटी की आवाज सुनी, तो बेटी ने साफ तौर पर कहा कि वह प्रेमी के साथ भाग कर शादी करना चाहती है। यह सुनते ही उसके पिता की आंखों में आंसू आ गए और वह सिर पकड़ कर बैठ गए।

**दूल्हे और उसके परिवार का गुस्सा फूटा**

दुल्हन के लापता होने के बाद जैसे ही यह राज खुला, दूल्हे और उसके परिवार के सब्र का बांध टूट गया। वे इस अनहोनी को समझ नहीं पा रहे थे। गुस्से में आकर, दूल्हे के परिवार ने कन्या पक्ष को जमकर खरी-खोटी सुनाई और फिर अपनी बरात वापस लौट गई।

**मामला पुलिस तक पहुंचा**

दुल्हन के पिता ने आरोपी प्रेमी युवक के खिलाफ पुलिस में तहरीर दी है और कार्रवाई की मांग की है। इस पूरे मामले की जांच अब पुलिस कर रही है। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि तहरीर मिली है और मामले की जांच की जा रही है। यह घटना उस वक्त हुई जब दो परिवारों के बीच खुशियों की उम्मीद थी, लेकिन अब मामला गंभीर मोड़ पर है। समाज में ऐसी घटनाओं ने सवाल खड़े किए हैं कि क्या आज भी रिश्तों की मजबूती सिर्फ पारिवारिक संकोच और समाज की परवाह पर निर्भर करती है? अभी यह सवाल बाकी है झ क्या यह लापता दुल्हन का फैसला समाज और परिवार की उम्मीदों से मेल खाता है, या फिर यह एक और सनसनीखेज प्रेम कहानी का हिस्सा है

**नवयुग समाचार -हिन्दी दैनिक** -स्वामी, प्रकाशक एवं संपादक मनीष कुमार सिंह द्वारा शोभित ऑफसेट के- 450 इंद्रलोक कॉलोनी, पोस्ट मानस नगर, लखनऊ, 226023, उत्तरप्रदेश से मुद्रित कराकर मुकेरिया, महसी, रामगांव, बहराइच से प्रकाशित।
आर एन आई/ टाइटल कोड - UPHIN 49594 **संपादक** मनीष कुमार सिंह मो.नं. +91 9984176988, ई-मेल - navyug samachar @gmail.com **प्रबंध संपादक** संजय कुमार त्रिपाठी मो.नं. 9044973372 सभी विवादों का न्याय क्षेत्र बहराइच, उ.प्र. होगा।